**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**16.02.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

**मुख्य समाचार**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं से कपड़ा क्षेत्र में नए स्टार्ट–अप लाने का किया आह्वान।
- मुख्यमंत्री ने कहा– राज्य सरकार की पहल से पिछले दो वर्ष में प्रदेश में सड़क हादसों में आई कमी– सुरक्षा मानकों के अनुसार किया जा रहा सड़कों का मूल्यांकन।
- प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने राज्य सरकार पर अवैध खनन को रोकने में नाकाम रहने का लगाया आरोप।
- धर्मशाला नगर निगम को बेहतर कूड़ा प्रबंधन के लिए मिला राष्ट्रीय स्कॉच पुरस्कार।

**अब समाचार विस्तार से.**

**पीएम–वस्त्र उद्योग**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत आज दुनिया का छठा सबसे बड़ा कपड़ा और परिधान निर्यातक देश है। नई दिल्ली में आज भारत टेक्स 2025 में अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि कपड़ा क्षेत्र में इस समय भारत का निर्यात 3 लाख करोड़ रूपए का है जिसे वर्ष 2030 तक 9 लाख करोड़ रूपए तक पहुंचाने का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री ने युवाओं से नए टैक्नो टैक्सटाइल स्टार्ट–अप लाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत टेक्स प्लेटफॉर्म कपड़ा उद्योग का सबसे बड़ा कार्यक्रम है।

**सड़क सुरक्षा**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार ने सड़क हादसे रोकने के लिए नई पहल की है और पिछले दो वर्षों में प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में लगभग साढ़े 6 फीसदी कमी दर्ज की गई है। उन्होंने आज शिमला से सुरक्षा में सुधार के लिए 27 पुलिस मोटर साइकिलों को हरी झण्डी दिखाई। इनमें से कांगड़ा ज़िला पुलिस को 14 और मण्डी ज़िले को 13 मोटर साइकिल दी जाएंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि शिमला, नूरपुर, मण्डी और कांगड़ा पुलिस ज़िलों को बचाव कार्यों के लिए जल्द ही 42 चौपहिया वाहन, 14 इंटरसैप्टर वाहन और 10 रैसक्यू वाहन उपलब्ध करवाए जाएंगे। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि इन चार पुलिस ज़िलों के लिए सड़क सुरक्षा उपकरण खरीदने को लेकर 90 करोड़ रूपए का बजट आबंटित किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में लगभग साढ़े 7 हज़ार किलोमीटर लंबी सड़कों के लिए पहली बार अंतर्राष्ट्रीय सड़क मूल्यांकन सर्वेक्षण शुरू किया गया है। इस सर्वेक्षण के आधार पर सुरक्षा मानकों के अनुसार सड़कों का मूल्यांकन किया गया है। मुख्यमंत्री ने

कहा कि सरकार की इन नवीन पहलों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी इस मौके मौजूद रहे।

**मुख्यमंत्री**

इस बीच, मुख्यमंत्री आज दोपहर बाद शिमला से चंडीगढ़ के लिए रवाना हुए। वे कल नई दिल्ली में कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस दौरान सुखविन्द्र सिंह सुक्खू प्रदेश से जुड़े मुद्दों को लेकर कई केन्द्रीय नेताओं से भी भेंट कर सकते हैं।

**बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने राज्य सरकार पर खनन माफिया को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि हिमाचल की नदियों को लूट कर हरियाणा के क्रशर मालिक अपनी जेब भर रहे हैं और कांग्रेस सरकार इसे रोकने में नाकाम रही है। बिंदल ने कहा कि सोलन व सिरमौर सहित कई ज़िलों में खुलेआम ही अवैध खनन जारी है।

राजीव बिंदल ने कहा कि हिमाचल में भी कांग्रेस पार्टी का दिल्ली जैसा हाल होने वाला है क्योंकि राज्य सरकार के कुशासन से जनता ऊब चुकी है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर बेरोज़गार युवाओं को रोज़गार के नाम पर धोखा देने का आरोप भी लगाया।

**राष्ट्रपति–चेंज ऑफ गार्ड**

राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में आज नए प्रारूप में चेंज ऑफ गार्ड का उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु भी मौजूद रहीं। यह समारोह आम लोगों के लिए शनिवार 22 फरवरी से शुरू होगा जिसमें संगीत और अन्य कार्यक्रम होंगे। समारोह के दौरान राष्ट्रपति के अंगरक्षकों और ब्रास बैंड द्वारा सैन्य ड्रिल का प्रदर्शन किया जाएगा। इस आयोजन में शामिल होने के लिए विजिट डॉट राष्ट्रपति भवन डॉट जीओवी डॉट इन पर पास ऑनलाइन लिए जा सकेंगे।

**कचरा प्रबंधन**

धर्मशाला नगर निगम को कचरा प्रबंधन में राष्ट्रीय स्कॉच पुरस्कार–2024 से नवाज़ा गया है। नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्कॉच पुरस्कार वितरण समारोह में नगर निगम आयुक्त जफर इकबाल ने ये पुरस्कार हासिल किया। उन्होंने बताया कि धर्मशाला को बेहतर कूड़ा–कचरा प्रबंधन और स्वच्छता को लेकर अपनाए जा रहे बेहतर तरीकों के आधार पर ये पुरस्कार दिया गया है। उन्होंने नगर निगम के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों सहित स्वच्छता मित्रों को इस पुरस्कार का श्रेय दिया है।

**फिट इंडिया**

केन्द्र सरकार के फिट इंडिया अभियान के तहत आज सुबह नई दिल्ली में 'फिट इंडिया–संडे ऑन साइकिल' का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने भी साइकिल चलाकर लोगों को फिट रहने का संदेश दिया।

**पौंग बांध**

कांगड़ा ज़िले के पौंग बांध में जल्द ही जलक्रीड़ा गतिविधियां शरू की जाएंगी। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि पौंग बांध क्षेत्र में अब पर्यटक मोटरबोट की सवारी, क्रूज़, नौका अनुभव और रोमांचकारी राइड का लुत्फ उठा सकेंगे। उन्होंने बताया कि पौंग बांध क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और जलक्रीड़ा ऑपरेटर के चयन की औपचारिकताएं पूरी कर दी गई हैं। उपायुक्त ने कहा कि बांध के पानी को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए भी हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

**जवान निधन**

मण्डी ज़िले में बल्ह क्षेत्र की हल्यातर पंचायत के 26 वर्षीय जवान बसंत सिंह का देहरादून में ड्यूटी के दौरान दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वे डोगरा रेजिमेंट में तैनात थे। उनका पार्थिव शरीर कल सुबह पैतृक गांव पहुंचेगा जहां सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए रहे। पिछले कल हुई ताजा बर्फबारी से राज्य में तापमान में 4–5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। विभाग के अनुसार कल 17 फरवरी से हिमालय क्षेत्र में ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है जिसके चलते 18 फरवरी से राज्य में फिर वर्षा और बर्फबारी की सम्भावना है।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं से कपड़ा क्षेत्र में नए स्टार्ट–अप लाने का किया आह्वान।
- मुख्यमंत्री ने कहा– राज्य सरकार की पहल से पिछले दो वर्ष में प्रदेश में सड़क हादसों में आई कमी– सुरक्षा मानकों के अनुसार किया जा रहा सड़कों का मूल्यांकन।
- प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने राज्य सरकार पर अवैध खनन को रोकने में नाकाम रहने का लगाया आरोप।
- धर्मशाला नगर निगम को बेहतर कूड़ा प्रबंधन के लिए मिला राष्ट्रीय स्कॉच पुरस्कार।